हरियाणा में पर्यटन का विकास

2347. **श्री रामजीलाल:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पर्यटन के विकास हेतु क्या कदम उठाये गये हैं और उनके क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं;

(ख) गत एक वर्ष के दौरान पर्यटन के विकास के लिए कुल कितनी विदेशी सहायता प्राप्त हुई और इसमें से कितनी राशि खर्च की गई; और

(ग) इसमें से कितनी धनराशि हरियाणा में पर्यटन के विकास के लिए खर्च की गई?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): (क) देश में पर्यटन का विकास करना मुख्यत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की जिम्मेवारी है। तथापि, देश में पर्यटन के विकास के लिए पर्यटन विभाग, आधारभूत संरचना का विकास, मानव संसाधन का विकास, विदेशों में संवर्धन तथा प्रचार जैसे कार्य करता है। गत वर्ष की तुलना में वर्ष 1995-96 के दौरान पर्यटक आगमन में 14.8 प्रतिशत तथा विदेशी मुद्रा आय में 24.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

(ख) उत्तर प्रदेश, बिहार में बौद्ध परिपथों तथा अजंता एवं एलोरा के विकास के लिए विदेशी आर्थिक सहयोग कोष 367.67 करोड़ रुपये की राशि प्रदान कर रहा है। अभी तक परियोजना पर 108.43 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

(ग) हरियाणा के लिए कोई विदेशी सहायता नहीं प्रदान की गई है। तथापि, पर्यटन विभाग, भारत सरकार ने हरियाणा राज्य सरकार को आठवीं योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरात 645.59 लाख रुपये सामान्य वित्तपोषण के तहत स्वीकृत किए हैं।

मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन स्थलों का सुधार

2348. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन स्थलों का सुधार करने संबंधी कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार को भेजे थे; और

(ख) यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): (क) और (ख) जी, हां। मध्य प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का सुधार करने के लिए केन्द्र सरकार को निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं:-

क्रम सं.	परियोजना/ योजना का नाम	की गई कार्रवाई (स्वीकृत राशि) रुपये लाखों में
1.	गौहार महल, भोपाल की प्रकाश-पुंज व्यवस्था	4.98
2.	औरछा में पर्यटन परिसर	21.07
3.	औरछा उत्सव के लिए सहायता	3.10

Pending Cases of Claims/Arrears of Employees of State Bank of Indore

2349. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the number of cases pending for more than 3,5 years and 10 years relating to settlement of claims, arrears of salary etc. of the employees of Delhi branches of the State Bank of Indore;

(b) the details branch-wise and officers who have been penalised in this regard; and

(c) the reasons for the delay in settlement of these cases?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) State Bank of Indore has reported that no case relating to settlement of claims/arrears of salary of the employees of its Delhi branches is pending at present.

(b) and (c) Do not arise.

Restoration of Cochin Trivandrum flight

2350. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government are aware that Cochin is not connected with Trivandrum by Air; and

(b) if so, whether Government would direct the Indian Airlines to restore the Cochin-Trivandrum flight?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) Yes, Sir.

(b) Indian Arilines has, at present, no plains to start services between Cochin and Trivandrum due to poor load factor.